मूल हिंदी

भारत सरकार

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2003

30 जुलाई, 2026 को उत्तर दिए जाने के लिए

शहरों का 'ग्रोथ हब' के रूप में विकास

2003. श्री दिनेश चंद्र यादवः
श्री कौशलेन्द्र कुमारः

क्या **आवासन और शहरी कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) केन्द्रीय बजट 2024-25 में की गई घोषणा के अनुरूप शहरों को विकास केन्द्र के रूप में विकसित करने की परियोजना की वर्तमान स्थिति क्या है; और

(ख) क्या उक्त परियोजना के अंतर्गत बिहार के किसी शहर का भी चयन किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी शहर-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री

(श्री तोखन साहू)

(क) और (ख): अर्बन चैलेंज फंड (यूसीएफ) योजना को 15 अप्रैल, 2026 को यूसीएफ के परिचालन दिशा-निर्देशों के जारी होने के साथ ही क्रियान्वित किया गया है। योजना के दिशा-निर्देश सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध हैं और इन्हें

https://www.mohua.gov.in/static/uploads/2026/04/7950afb9b2d5cb773ba3d6c64bde9726.pdf पर देखा जा सकता है।

यूसीएफ, 'विकास केंद्र के रूप में शहर', 'शहरों का सृजनात्मक पुनर्विकास' तथा 'जल और स्वच्छता' नामक तीन घटकों के अंतर्गत परिवर्तनकारी एवं प्रभावशाली परियोजनाओं के कार्यान्वयन के माध्यम से शहरी अवसंरचना के विकास और सुदृढ़ीकरण में सहायता प्रदान करता है।

अब तक 33 परियोजनाओं को अनुमोदन/सैद्धांतिक अनुमोदन प्रदान किया जा चुका है। यूसीएफ के अंतर्गत बिहार राज्य से कोई प्रस्ताव विचारार्थ प्राप्त नहीं हुआ है।

*****